**Title**: Need to provide financial assistance to Government of Haryana for providing relief to the farmers of the State.

**डॉ. सुशील कुमार इन्दौरा (सिरसा) :** अध्यक्ष महोदय, देश में धान की फसल ने प्राय: सभी राज्यों के किसानों को तबाही पर लाकर खड़ा कर दिया है किंतु विशो हानि उन प्रदेशों के किसानों को उठानी पड़ी है जहां इसकी पैदावार में अधिकतम किसान लगे हैं और अधिकतम उत्पादन करते हैं। पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और आन्ध्र प्रदेश इस समस्या के विशो रूप से शिकार हुए हैं। केन्द्र सरकार ने इस समस्या को पहचाना, परखा और हलके रूप में जहां धान-वसूली की और प्रक्रिया में ढील घोाित की वहीं नुकसान की भरपाई के लिए आर्थिक सहायता की घोाणा भी की किंतु हरियाणा राज्य के किसानों को लाभ नहीं मिला है। पंजाब में 350 करोड़ रुपये की सहायता की घोाणा हुई। अब उत्तर प्रदेश के लिए वहां के नये मुख्य मंत्री के आग्रह पर 313 करोड़ रुपये स्वीकार होने जा रहे हैं परंतु हरियाणा के लिए सरकार के पास अभी भी आश्वासन के सिवा कुछ नहीं है। इससे हरियाणा के किसानों में रोा पैदा हो रहा है। अत: मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि समय रहते राहत के लिए प्रथम चरण में कम से कम 500 करोड़ रुपये की घोाणा करे क्योंकि हरियाणा के किसान को अधिक हानि उठानी पड़ी है।